राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनाक : 18.06.2013

प्रेस–विज्ञप्ति

1. आयोग द्वारा दिनांक 02.02.2012 एवं 03.09.2012 को घोषित कनिष्ठ लिपिक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2011 के परिणाम के क्रम में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में घोषित परिणाम दिनांक 08.06.2013 (फेज–I) में सफल अभ्यर्थियों की फेज– II की परीक्षा (कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण) दिनांक– 21.07.2013 एवं 22.07.2013 **के स्थान पर अब दिनांक 20.07.2013 एवं 21.07.2013 को अजमेर** में ऑनलाईन रूप में आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है।
2. आयोग द्वारा जारी मूल विज्ञापन के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा हेतु स्वयं के कम्प्यूटर लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। चूंकि फेज– II की परीक्षा ऑनलाईन रूप में आयोजित की जा रही है, अतः परीक्षार्थियों को कम्प्यूटर आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रूपये 200/– का पोस्टल ऑर्डर निर्धारित परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से लेकर उपस्थित होंवे, अन्यथा अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही सेवा प्राथमिकता क्रम का निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर एवं विधिवत् भर कर उक्त पोस्टल ऑर्डर के साथ प्रस्तुत करें। जो अभ्यर्थी सेवा प्राथमिकता क्रम प्रस्तुत नहीं करेंगें, उनकी सेवा प्राथमिकता निम्नानुसार मान ली जावेगी।

   (1) अधीनस्थ कार्यालय (2) शासन सचिवालय (3) राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय।
3. ऑनलाईन परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाईट http://rpsc.rajasthan.gov.in के मॉक टेस्ट ऑनलाईन के लिंक पर मॉक टेस्ट का ट्रायल कर लें। साथ ही परीक्षा के संबंध में जारी दिशा–निर्देश का अध्ययन अवश्य कर लें।
4. निःशक्तजन अभ्यर्थियों को फेज– II की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा से नियमानुसार मुक्त रखा गया है। ऐसे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से सेवा प्राथमिकता प्रपत्र डाउनलोड कर एवं विधिवत् भर कर सीधे ही आयोग को प्रेषित कर दें। उक्त सेवा प्राथमिकता प्रपत्र के साथ कोई शुल्क नहीं भेजा जाना है।
5. फेज– II की यह परीक्षा केवल संशोधित परिणाम में उत्तीर्ण नवीन अभ्यर्थियों के लिए है। जो अभ्यर्थी पूर्व में उक्त परीक्षा की टंकण परीक्षा में उपस्थित हो चुके हैं, वे इस टंकण परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। साथ ही जो अभ्यर्थी तत्समय अनुपस्थित रहे थे उन्हें भी यह अवसर नहीं दिया जाएगा।
6. अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र मय उपस्थिति पत्र यथासमय आयोग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिये जायेंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र डाक द्वारा अलग से नहीं भेजे जायेंगे।

(डॉ.के.के.पाठक)
सचिव